**प्रेस नोट**

**दिनांक 31.05.2022**

**सराहनीय कार्य जनपद अमेठी पुलिस**

**थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा, छलपूर्वक प्राप्त किए गए विभिन्न बैंकों के 44 एटीएम कार्ड, कुल 25700 रुपए नगद, 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.05.2022 को उ0नि0 तनुज कुमार पाल चौकी प्रभारी इन्हौना थाना शिवरतनगंज मय हमराह द्वारा शान्ति व्यवस्था, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्त 1.शिवा सिंह पुत्र लालजी सिंह निवासी विक्रमपुर मोहनगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़, 2.सत्यम उर्फ अभय सिंह पुत्र शिवबहादुर सिंह निवासी विक्रमपुर मोहनगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को कमरौली-इन्हौना के मध्य रॉयल ढाबा कट के पास से समय करीब 07:30 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शिवा के कब्जे से विभिन्न बैंकों के 44 एटीएम कार्ड, 12,000 रुपए नगद व 01 अदद वीवो कंपनी का एंड्रॉयड फोन बरामद हुए। तथा अभियुक्त सत्यम उर्फ अभय सिंह के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा, 01 अदद जिंदा कारतूस, 13,700 रुपए नगद, एक आधार कार्ड व सैमसंग कंपनी का कीपैड वाला मोबाइल फोन बरामद हुआ।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि मदद करने के बहाने हम लोग सीधे-साधे लोगों से छलपूर्वक एटीएम कार्ड बदल लेते हैं यह वही एटीएम कार्ड हैं। बरामद रुपये के बारे में पूछा गया तो अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 25.05.2022 को बी0ओ0बी0 बैंक इन्हौना से एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर 45,000 रुपये निकाले थे तथा दिनांक 30.05.2022 को इण्डिया वन एटीएम से एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर 10,000 रुपये निकाले थे। इसी प्रकार दिनांक 17.05.2022 को बी0ओ0बी0 बैंक मुसाफिरखाना से एक व्यक्ति से एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकाले थे। जिसमें से कुछ रुपये खर्च हो गये हैं तथा शेष बचे हुए रुपये यही हैं।

PRESS NOTE

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

1. शिवा सिंह पुत्र लालजी सिंह निवासी विक्रमपुर मोहनगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।
2. सत्यम उर्फ अभय सिंह पुत्र शिवबहादुर सिंह निवासी विक्रमपुर मोहनगंज थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़।

**बरामदगी का विवरण –**

1. छलपूर्वक प्राप्त किये गये विभिन्न बैंकों के 44 एटीएम कार्ड
2. छलपूर्वक प्राप्त किये गये एटीएम कार्ड से निकाले गये कुल 25,700 रुपये नगद
3. 01 अदद तमंचा 01 अदद जिंदा कारतूस
4. घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी वाहन सं0 यूपी 72 बीएल 5849

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

1. मु0अ0सं0 96/22 धारा 467,468,471,419,420,379,411 भादवि थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 97/22 धारा 467,468,471,419,420,379,411 भादवि थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी
3. मु0अ0सं0 98/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवरनगंज जनपद अमेठी
4. मु0अ0सं0 149/22 धारा 419,420 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी
5. 01 स्कूटी वाहन सं0 यूपी 72 बीएल 5849 (207 एमवी एक्ट )

**गिरफ्तारी करने वाली टीम –**

1. उ0नि0 तनुज कुमार पाल चौकी प्रभारी इन्हौना थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
2. का0 कुलदीप वर्मा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
3. का0 आकाश चौधरी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
4. का0 मोहित सैनी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
5. का0 सौरभ वर्मा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।

PRESSNOTE